महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
A State University -Govt. of Uttar Pradesh, NAAC A++ Accredited, ISO 9001:2015 & ISO 14001:2015 Certified

पत्रांकः रू.वि. / प.नि.का. / 2025 / 2435-42 दिनांक : 13.06.2025

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित पाठ्यक्रमों की होने वाली प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षाओं के लिये परीक्षकों का आवंटन पूर्णतया स्वचालित प्रक्रिया (completely Automated) के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मानवीय योगदान शून्य रहेगा। चूँकि यह प्रक्रिया सतत् उन्नयन की जा रही है इसलिये आप समस्त का सहयोग अपेक्षित है। महाविद्यालय एवं शिक्षकों को होने वाली असुविधा के लिये एक ई–मेल (practical.help@mjpru.ac.in) एवं व्हाट्सऐप नम्बर **(+91-8979806606)** दिया गया है जिसमें महाविद्यालय अथवा परीक्षक अपनी असुविधाओं को लिखित रूप में प्रेषित कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों की ऐसी विशिष्ट सूची तैयार की जा रही है तो आवंटित शिक्षकों से सम्पर्क नहीं करते हैं एवं ऐसे शिक्षकों की भी विशिष्ट सूची तैयार की जा रही है जो विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी कार्य नहीं कर रहे हैं अथवा समय रहते सम्पादित नहीं करा रहे हैं अथवा अन्तिम समय में अस्वीकार कर दे रहें हैं। जबकि इन्हें भविष्य में परीक्षा सम्बन्धी कार्यो में न लगाये जाने पर विचार किया जा सकता है तथा परीक्षा सम्बन्धी ऐसे अति आवश्यक कार्यो में सहयोग न किये जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रस्तावित की जा सकती है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
4. उप कुलसचिव (गोपनीय / परीक्षा)।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. वै.सहा. सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक